BSES

बीएसईएस ने लॉन्च किया टोल–फ्री नंबर

बीवाईपीएल– 19122, बीआरपीएल– 19123

- सिर्फ पांच अंकों का है टोल–फ्री नंबर, याद रखना आसान
- मोबाइल फोन से डायल करते वक्त 011 लगाने की जरूरत नहीं

नई दिल्लीः 15 मार्च, 2018। बीएसईएस ने अपने उपभोक्ताओं के लिए बहुप्रतीक्षित टोल–फ्री नंबर जारी कर दिया है। बीवाईपीएल उपभोक्ता 19122 नंबर पर, और बीआरपीएल उपभोक्ता 19123 नंबर पर अपनी तमाम शिकायतों के समाधान के लिए फोन कर सकते हैं। चूंकि ये नंबर टोल–फ्री हैं, इसलिए इन नंबरों पर फोन करने पर उपभोक्ताओं के फोन से पैसे नहीं कटेंगे। ये नंबर दिन के चौबीसों घंटे और सप्ताह के सातों दिन काम करेंगे।

खास बात यह है कि ये नंबर सिर्फ पांच डिजिट के हैं, इसलिए इन्हें याद रखना भी उपभोक्ताओं के लिए आसान होगा। इन नंबरों की एक और खासियत यह है कि आम लैंडलाइन नंबरों के उलट, इन नंबरों को मोबाइल फोन से डायल करते वक्त आपको 011 भी नहीं लगाना पड़ेगा।

बीआरपीएल और बीवाईपीएल के टोल–फ्री नंबर पर उपभोक्ता बिजली गुल, स्ट्रीट लाइट (नॉन एलईडी), बिल व मीटर से जुड़ी शिकायतों का समाधान करवा सकते हैं। इन नंबरों पर नए कनेक्शन, उपभोक्ता के नाम में बदलाव और डुप्लिकेट बिल के लिए आवेदन भी किया जा सकता है। बिजली चोरी की शिकायत भी यहां कर सकते हैं। बिजली चोरी की शिकायत करने वाले उपभोक्ताओं की पहचान पूरी तरह गुप्त रखी जाएगी।

बीएसईएस के 40 लाख ग्राहकों (करीब 1 करोड़ 60 लाख उपभोक्ताओं) की जानकारी के लिए बता दें कि वर्तमान में काम कर रहे हेल्पलाइन नंबर्स (बीआरपीएल– 399 99 707 और बीवाईपीएल– 399 99 808) भी काम करते रहेंगे।

टोल–फ्री नंबरों और वर्तमान हेल्पलाइन नंबरों के अलावा, उपभोक्ता बीएसईएस के अपग्रेडेड मोबाइल ऐप के माध्यम से भी बिजली संबंधी अपनी तमाम समस्याओं का समाधान, घर बैठे करवा सकते हैं। मोबाइल ऐप सीधे बीएसईएस के विशाल आईटी सर्वर से जुड़ा है। बीएसईएस ऐप के माध्यम से उपभोक्ता, बिजली बिल का भुगतान कर सकते हैं, अपना वर्तमान बिल देख सकते हैं, पिछले पांच बिलों को डाउनलोड कर सकते हैं, अपना डिटेल्स अपडेट कर सकते हैं और नए कनेक्शन के लिए आवेदन भी कर सकते हैं।

बीएसईएस मोबाइल ऐप एंड्रॉयड और आईफोन, दोनों तरके के फोन के लिए उपलब्ध है। इसे बीएसईएस की वेबसाइट या गूगल प्ले या ऐप स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

बीएसईएस प्रवक्ता के मुताबिक, बीएसईएस अपने 40 लाख उपभोक्ताओं की जरूरतों के हिसाब से खुद को तकनीकी तौर पर न सिर्फ अपग्रेड करती रही है, बल्कि अपनी सेवाओं में भी लगातार सुधार कर रही है।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआरपीएल और बीवाईपीएल रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के बीच संयुक्त उद्यम हैं।